Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding continuation of TEQIP stand in technical education in India.

श्री रामशिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान शिक्षा मंत्रालय की तरफ दिलाना चाहता हूं । शिक्षा मंत्रालय द्वारा दिसम्बर, 2002 में विश्व बैंक की सहायता से तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम, TEQIP शुरू किया गया था । इस योजना को तीन चरणों में TEQIP-I, TEQIP-II और TEQIP-III संपन्न करने का निर्णय लिया गया था । इस कार्यक्रम की वजह से पिछड़े राज्यों, जैसे उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान और तीन पहाड़ी राज्यों एवं आठ उत्तरी-पूर्वी राज्यों के लगभग दो सौ तकनीकी शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है । जैसे ही इस कार्यक्रम में तकनीकी संस्थानों को एनबीए की गुणवत्ता प्रमाण पत्र मिला, तो पास होने वाले विद्यार्थियों के लिए रोजगार बढ़ा है और गेट की परीक्षा पास करने वाले छात्रों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है । सर्वश्रेष्ठ उपकरणों की पाठशालाओं में डिजिटल बोर्ड की स्थापना हुई और 1500 से अधिक सहायक प्रोफेसर की तीन साल के लिए तकनीकी शिक्षा संस्थानों में नियुक्ति हुई है ।

सभापति महोदय, अभी कार्यक्रम अपने अंतिम चरण में है और यह 31 मार्च, 2021 को ही समाप्त हुआ है, तो इन पिछड़े राज्यों की शिक्षा की गुणवत्ता की अपनी पुरानी व्यवस्था में चले जाने का खतरा बढ़ गया है । इस योजना के समाप्त होने से हजारों लोगों का रोजगार संकट में है । 1500 सहायक प्रोफेसर यहां माननीय मंत्री जी के मंत्रालय के सामने धरना भी दे रहे हैं ।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि नई योजना 'मेरिट' को जल्द से जल्द शुरू करें और इस कार्यक्रम को 10 से 15

सालों तक जारी रखा जाए, ताकि नई शिक्षा नीति से लोगों को लाभ मिल सके।